आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मुख्यमंत्री

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में 10 जुलाई को होने वाले उप–चुनाव के लिए खुलेआम चुनाव प्रचार आज शाम थम गया है। इससे पहले चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर, खबली और ढलियारा में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे 6 साल तक अपने क्षेत्र का विकास कराने में असफल रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व विधायक होशियार सिंह ने क्षेत्र के विकास के लिए मिलने वाली विधायक निधि का दुरूपयोग किया और कोई भी विकास कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि देहरा की जनता इस बार के उपचुनाव में होशियार सिंह को सबक सिखाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने धनबल की राजनीति को नकार कर कांग्रेस विधायकों की संख्या बढ़ाकर 38 कर दी है और उपचुनाव के बाद 13 जुलाई को कांग्रेस के 41 विधायक हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को पूर्व भाजपा सरकार से प्रदेश पर 85 हज़ार करोड़ रूपए का कर्ज विरासत में मिला, लेकिन कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की आर्थिकी में सुधार लाने के लिए अनेक कदम उठाए, जिससे 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि इस बार स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम देहरा में आयोजित किया जाएगा।

अनुराग

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रचार अभियान के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के साथ विशाल रोड शो के माध्यम से उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले 18 महीने से चल रहा कांग्रेस का कार्यकाल अराजकता, अहंकार और अन्याय भरा रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह सरकार जनता की बजाए मित्रों की सरकार बन गई है जहां जनहित नहीं मित्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि ये पहला चुनाव है जहां कोई सरकार बिना किसी उपलब्धि के जनता के बीच जाकर वोट माँग रही है, लेकिन हिमाचल में तीनों विधानसभा उपचुनावों में जनता कांग्रेस को सबक़ सिखायेगी और भाजपा को विजयी बनाएगी।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने देहरा उपचुनाव के तहत आज घर–घर संपर्क अभियान के दौरान दावा किया कि भाजपा तीनों उपचुनावों में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा हिमाचल की प्रगति और विकास के लिए काम किया है, जबकि कांग्रेस सरकार ने राज्य में चलाए जा रहे कार्यों को भी बंद कर दिया है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार मतदाताओं को केवल डरा–धमका कर वोट हासिल करना चाहती है जिसमें वो असफल रहेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार और माफियाराज को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

प्रबंध

उपचुनाव को देखते हुए तीन निर्वाचन क्षेत्रों हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न करवाने के लिए निवार्चन विभाग द्वारा सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। हमीरपुर उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग के व्यय पर्यावेक्षक वरिष्ठ आई.आर.एस. अधिकारी आनंद कुमार ने सभी प्रत्याशियों को अपने चुनाव प्रचार से संबंधित सभी खर्चों की एंट्री व्यय रजिस्टरों में कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रकिया की समाप्ति के बाद एक महीने के भीतर प्रत्याशियों को अपने खर्च का पूरा विवरण जमा करवाना होता है। इस बीच हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम मनीश कुमार सोनी ने बताया कि 10 जुलाई को मतदान के बाद ईवीएम व वीवीपैड को ब्वायज सीनियर सकेंडरी स्कूल हमीरपुर में स्थापित स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। इन स्ट्रांग रूम के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

संपूर्णता अभियान

देश के 5 सौ खंडों में नीति आयोग द्वारा शुरू किए गए संपूर्णता अभियान के तहत कुल्लू जिले के निरमंड खंड में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुल्लू जिला के एडीएम अश्विनी कुमार ने नीति आयोग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पांच क्षेत्रों के 39 इंडिकेटर पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस अवसर पर एडीएम ने उपस्थित प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने की शपथ भी दिलाई। समारोह के दौरान विभिन्न महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों में स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया गया और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। समारोह में विभागों के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी। एडीएम कुल्लू ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है स्वास्थ्य ,सामाजिक न्याय व अन्य प्रमुख क्षेत्रों को आगे ले जाना है, ताकि विकास को गति मिले।